उत्तर प्रदेश शासन
कृषि अनुभाग-1
संख्या-1489/12-1-20-600/06टी0सी0
लखनऊः दिनांकः 11 सितम्बर, 2020

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

श्री राज्यपाल महोदय, सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य/विशेष) परीक्षा, 2017 के परिणाम के आधार पर लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा उत्तर प्रदेश कृषि सेवा समूह-ख (सांख्यिकी शाखा) में वेतन बैण्ड-3 के सादृश्य वेतनमान रू0 15600-39100 सादृश्य ग्रेड वेतन रू0 5400/- में चयनित एवं नियुक्ति हेतु संस्तुत अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश कृषि सेवा समूह-ख (सांख्यिकी शाखा) सांख्यिकीय अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उक्त वेतनमान में निम्नलिखित शर्तों के अधीन अस्थायी रूप से नियुक्त करते हुए 02 वर्ष की परिवीक्षा (नियमानुसार बढ़ाया जा सकता है) पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

क्र0 सं0	अभ्यर्थी का नाम व पिता का नाम	गृह जनपद	वर्तमान पता	स्थायी पता	नई तैनाती का स्थान
1	2	3	4	5	6
1	कीर्ति पटेल, पुत्री श्री शिव बहादुर सिंह पटेल	प्रयागराज	173 एम.आई.जी. 1 ए0डी0ए कालोनी, नैनी, प्रयागराज, उ0प्र0-211008	173 एम.आई.जी. 1 ए0डी0ए कालोनी, नैनी, प्रयागराज, उ0प्र0-211008	सांख्यिकीय अधिकारी, आगरा मण्डल, आगरा

2. संबंधित अभ्यर्थी को उक्त वेतनमान में वेतन के अतिरिक्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते अनुमन्य होंगे।

3. उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित/संस्तुत अभ्यर्थी की ज्येष्ठता, उ0प्र0 सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 (अद्यावदिक संशोधन सहित) के सुसंगत नियमों के अनुसार निर्धारित की जायेगी।

4. उपर्युक्त अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि वे उ0प्र0 सरकारी आचरण नियमावली, 1956 के (अद्यावधिक संशोधन सहित) में दी गयी व्यवस्थानुसार चल-अचल सम्पत्ति से संबंधित घोषणा-पत्र, एक से अधिक जीवित पति/पत्नी न होने का घोषणा पत्र, शैक्षिक एवं आय संबंधी प्रमाण पत्र, चरित्र संबंधी प्रमाण पत्र दो ऐसे राजपत्रित अधिकारी से हो, जो सक्रिय सेवा में हों और उनके निजी जीवन से परिचित हों, किन्तु उनके संबंधी न हों, आदि सुसंगत अभिलेख लेकर, कार्यभार ग्रहण करने हेतु निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, कृषि भवन, लखनऊ को विलम्बतम 01 माह के भीतर अपनी योगदान आख्या उक्त अभिलेखों सहित प्रस्तुत करें।

5. संबंधित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के लिए कोई मार्ग व्यय/यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

डा0 देवेश चतुर्वेदी
अपर मुख्य सचिव

<u>क्रमशः पृष्ठ-2 पर</u>

संख्या-1489(1)/12-1-20-600/06टी0सी0 व तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।

(2) निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, कृषि भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संबंधित अभ्यर्थी को उक्तानुसार कार्यभार ग्रहण कराकर उनको प्रशिक्षण दिये जाने की कार्यवाही करें तथा कृत कार्यवाही से शासन को भी अवगत करायें।

(3) कृषि निदेशक, उ0प्र0 कृषि भवन, लखनऊ।

(4) अपर कृषि निदेशक (प्रशासन), उ0प्र0 कृषि भवन, लखनऊ।

(5) निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को सरकारी गजट में प्रकाशन हेतु।

(6) संबंधित अभ्यर्थी द्वारा निदेशक, कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, कृषि भवन, लखनऊ।

(7) सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 प्रयागराज।

(8) कार्मिक अनुभाग-4 को उनके पत्र संख्या-आ-471-का-4-2019 दिनांक 21.01.2020 के संदर्भ में।

(9) व्यक्तिगत पत्रावली हेतु।

(10) गार्ड फाइल, कृषि अनुभाग-1

आज्ञा से,

यतीन्द्र कुमार
संयुक्त सचिव